S.D. GOVERNMENT COLLEGE, BEAWAR

Environment Awareness and Tree Plantation

Date of Event: 16/07/2024

Venue: S.D. Govt. College, Beawar

UNIT- 11 RAJASTHAN BN NCC, AJMER

Email ID :- sdcollegebeawar@gmail.com

कार्यालय प्राचार्य, एस. डी. राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर (राज.)

दिनांक :— 14/07/2024

एन.सी.सी. सूचना

महाविद्यालय के समस्त एन.सी.सी. कैडेट्स को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.07.2024 (मंगलवार) को महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें सभी एन.सी.सी. कैडेट्स की उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः सभी एन.सी.सी. कैडेट्स दिनांक 16.07.2024 (मंगलवार) को प्रातः 10:00 बजे महाविद्यालय में उपस्थिति होना सुनिश्चित करें।

सुनील कुमार

(सुनील कुमार कुमावत)
एन.सी.सी. प्रभारी
एस. डी. राजकीय महाविद्यालय,
ब्यावर

(डॉ. रेखा मंडोवरा)
प्राचार्य
एस. डी. राजकीय महाविद्यालय,
ब्यावर

प्रतिलिपि सूचनार्थ :—

1. महाविद्यालय सूचना पटट्।
2. एनसीसी सूचना पटट्।

Report on Environment Awareness and Trees Plantation Event

- NCC Cadets actively took part in the tree plantation drive. NCC Cadets helps in planting approx. 1000 plants in the college premises on 16/07/2024.

- Cadets were briefed about the importance of trees and their role in maintaining the ecosystem. They were also taught about the increasing global warming crisis and way to prevent it.

Event Photos

दैनिक भास्कर ब्यावर 17-07-2024

दैनिक भास्कर | ब्यावर जिला

फोलियर लीफ मैनेजमेंट प्लांट में बकरी की खाद व मूंगफली के छिलकों का उपयोग किया

जापान की मियावकी तकनीक से एसडी कॉलेज में किया पौधरोपण

भास्कर न्यूज़ | ब्यावर

सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार से महाविद्यालय परिसर में जापान की मियावकी तकनीक से द्वितीय सघन वन अभियान का पौधरोपण शुरू हुआ। महाविद्यालय पर्यावरण समिति अध्यक्ष डॉ राजेंद्र काठेर ने बताया कि पौधरोपण की इस वैज्ञानिक तकनीक में कम दूरी पर विभिन्न प्रजातियों के पौधों को लगाया गया है जिसमें महाविद्यालय के स्वयं के फोलियर लीफ मैनेजमेंट प्लांट में तैयार प्राकृतिक खाद के साथ-साथ बकरी की खाद और मूंगफली के छिलकों का उपयोग किया गया।

इस दौरान जिला कलेक्टर उत्सव कौशल मौजूद रहे। नगर परिषद सभापति नरेश कनोजिया ने भी पौधरोपण किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में पौधरोपण करना बहुत आवश्यक है। वृक्ष पर्यावरण के संतुलन एवं सुंदरता बढ़ाते हैं इसलिए हम सब मिलकर इस महाअभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।

इस दौरान कलेक्टर ने महाविद्यालय परिसर में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया एवं महाविद्यालय परिसर का अवलोकन कर जानकारी ली। कलेक्टर ने विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ के साथ मिलकर पेड़ लगाए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने एनसीसी कैडेट्स और महाविद्यालय छात्र-छात्राओं को पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी लेने को प्रेरित किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रेखा मंडोवरा ने बताया कि एक बीघा से अधिक क्षेत्रफल के इस नवसृजित सघन वन में 1100 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाकर उनकी नियमित देखभाल की जाएगी ताकि यह सघन वन का रूप ले सकें। डॉ. एम आर देवड़ा ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से संपूर्ण सघन वन के क्षेत्र को तारबंदी एवं सीमेंट पिलर्स का निर्माण करके दरवाजा लगाकर चाक चौबंद व्यवस्था की गई है।

• एक साल में पांच गुना बढ़े पौधे। प्राचार्य ने बताया कि इस तकनीक का प्रयोग करते हुए ब्यावर जिले का प्रथम सघन वन एक वर्ष पूर्व महाविद्यालय के तत्कालीन प्राचार्य डॉ सुशील बिस्सू द्वारा महाविद्यालय के पुस्तकालय में विकसित किया गया था। पिछले एक वर्ष में इस सघन वन के पौधों की लंबाई पांच गुना हो गई है। ब्यावर जिले के इस प्रथम वैज्ञानिक पद्धति से तैयार सघन वन में बिल, गुंदा, आंवला शहतूत और सीताफल की प्रधानता है। साथ ही 6 तरह के आम, कचनार और अर्जुन के भी पौधे हैं।

जिन पर बीते एक साल में तीन बार शहतूत की फसल आई है, जो पक्षियों के लिए दाना पानी का आश्रय स्थल बन चुका है और महाविद्यालय में बायोडायवर्सिटी में भी इजाफा हुआ है। इस अवसर पर सघन वन प्रभारी डॉ. धीरज पारीक, गुमान सिंह गहलोत, राजेश शर्मा, नरेंद्र साद, जसवीर सिंह, सुनील कुमावत सहित संपूर्ण महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

11 राज.
अजमेर
महाविद्यालय
(राज.)

THANK YOU